अमर उजाला 23/01/2026

विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन सत्र करवाया

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में बीसीए एवं एमसीए विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट मार्गदर्शन सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग, सीआरसी, लैंग्वेज लैब क्लब और करियर गाइडेंस सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, संप्रेषण कौशल और व्यावहारिक अनुभव पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। सत्र की मुख्य वक्ता कमलप्रीत कौर प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी रहीं। संवाद